# चाँद पर चंद्रयान का साक्षी बना बिरला शिशु विहार

**बाबूलाल घोघलिया**

पिलानी - बिड़ला शिशु विहार में आज चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण अतिथियों, विद्यार्थिओं, स्टाफ और अभिभावकों के लिए किया गया `विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने बताया कि 23 अगस्त की शाम को चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर

44 मिनट पर लैंडिंग प्रोसेस शुरू की। अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने बताया चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण बड़े पर्दे पे किया गया ताकि विद्यार्थियों को यह समझाया जा सके की हमारे देश के वैज्ञानिक किस प्रकार कठोर मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है तथा देश का नाम रोशन करते हैं इस ऐतिहासिक पल पर विद्यालय में कक्षा 6-12 तक के सभी विद्यार्थी, शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित रहे` नये भारत की प्रारम्भिक कदम के शुभ अवसर पर,,,, भारतवासियों की प्रार्थना,वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, महामहिम व्यक्तियों के संरक्षण में आज भारत ने नया इतिहास रचा है।चंद्रयान 3 की चन्द्रमा की कक्षा में सफलता पूर्ण स्थापित होने के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक साधुवाद।

# चाँद पर चंद्रयान का साक्षी बना बिरला शिशु विहार

**बाबूलाल घोघलिया**

पिलानी - बिड़ला शिशु विहार में आज चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण अतिथियों, विद्यार्थिओं, स्टाफ और अभिभावकों के लिए किया गया `विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने बताया कि 23 अगस्त की शाम को चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर

44 मिनट पर लैंडिंग प्रोसेस शुरू की। अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं विद्यालय के प्राचार्य श्री पवन वशिष्ठ ने बताया चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण बड़े पर्दे पे किया गया ताकि विद्यार्थियों को यह समझाया जा सके की हमारे देश के वैज्ञानिक किस प्रकार कठोर मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करते है तथा देश का नाम रोशन करते हैं इस ऐतिहासिक पल पर विद्यालय में कक्षा 6-12 तक के सभी विद्यार्थी, शिक्षकगण व अभिभावक उपस्थित रहे` नये भारत की प्रारम्भिक कदम के शुभ अवसर पर,,,, भारतवासियों की प्रार्थना,वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत, महामहिम व्यक्तियों के संरक्षण में आज भारत ने नया इतिहास रचा है चंद्रयान 3 की चन्द्रमा की कक्षा में सफलता पूर्ण स्थापित होने के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक साधुवाद।

# चांद पर चंद्रयान की लैंडिंग का साक्षी बना बिरला शिशु विहार

**पिलानी ( मृदुल पत्रिका )।** बिड़ला शिशु विहार में आज चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण अतिथियों, विद्यार्थिओं, स्टाफ और अभिभावकों के लिए किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया कि बुधवार शाम चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। विद्यालय के प्राचार्य पवन वशिष्ठ ने बताया चंद्रयान-3 के लैंडर की सफल सॉफ्ट लैंडिंग का लाइव प्रसारण बड़े पर्दे पर किया गया ताकि विद्यार्थियों को यह समझाया जा सके कि हमारे देश के वैज्ञानिक किस प्रकार कठोर मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करते हैं तथा देश का नाम रोशन करते हैं। इस ऐतिहासिक पल पर विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।